प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद एनडीए ने सरकार बनाने की मुहिम तेज कर दी है। कल दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जायेगा। माना जा रहा है कि नरेन्द्र मोदी नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत के पड़ोसी देशों के वरिष्ठ नेताओं को न्योता भेजा जायेगा। इस बीच लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दुनिया भर के कई बड़े नेताओं ने नरेन्द्र मोदी को फोन पर बधाई दी है।

****

इधर, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। श्री नड्डा के आवास पर हो रही इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेता मौजूद हैं। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे हैं। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हो रही हैं।

****

इंडी गठबंधन ने विपक्ष में बैठने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम उचित अवसर की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि जनादेश नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। यह मोदी के लिए भारी राजनैतिक क्षति और नैतिक हार है।

****

हजारीबाग लोक सभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का आज रामगढ़ जिले के कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांसद श्री जायसवाल ने जनता का आभार प्रकट किया और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की अपनी प्रतिबद्धता जतायी। उन्होंने कहा कि विस्थापन, रेल, ग्रामीण सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं पर वे क्षेत्र की आवाज को दिल्ली में मुखर रुप से उठायेंगे।

****

हजारीबाग में कांग्रेस की करारी हार पर बड़कागांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव प्रबंधन की खामियों के कारण यह सीट पार्टी के हाथ से निकल गयी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में कांग्रेस का अच्छा जनाधार है, जिसे बेहतर प्रबंधन से जीता जा सकता था।

****

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा आज स्वतंत्रता सेनानी और लोक नायक बिरसा मुंडा के पैतृक गांव उलिहातु पहुंचे। खूंटी से उलिहातू तक स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों ने कालीचरण मुंडा का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। कालीचरण मुंडा उलिहातू के बिरसा ओड़ा में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वहां से कुछ दूरी पर अवस्थित बिरसा कॉम्पलेक्स गए और भगवान बिरसा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि ग्रामीणों की हर छोटी–बड़ी समस्याओं का समाधान उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी।

****

लातेहार जिले में वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है।

****

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का की याचिका पर आज अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है।

****

गर्मी से बचाव के लिए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने यातायात व्यवस्था में तैनात ट्रैफिक पुलिस के लिए विशेष प्रबंध किया है। ट्रैफिक जवानों को धूप चश्मा, ग्लूकोन डी, हॉट एंड कोल्ड बोतल और ओआरएस दिया गया है। इसके साथ ही इस भीषण गर्मी में तैनात ट्रैफिक पुलिस के कामकाज को सराहा गया है। चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मियों को पहले जो चश्मे मिले थे, वे पुराने हो गए थे, इसलिए उनके लिए नए चश्मे मंगवाए गए हैं।

*********समाप्त*******